पंजाब केसरी 09/01/2025

# श्री गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में हुआ ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान

अम्बाला, 8 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के हिंदी विभाग, हिंदी साहित्य परिषद और पंजाबी विभाग ने गवर्नमैंट पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज, सैक्टर-11, चंडीगढ़ के हिंदी विभाग के साथ मिलकर श्री गुरु गोबिंद सिंह जी प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में एक दिवसीय ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु गोबिंद सिंह जी के व्यक्तित्व और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर के पंजाबी विभाग के सहायक प्रो. अमृतपाल सिंह विर्क ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन, उनके आदर्शों और शिक्षाओं पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिख धर्म को संगठित करनेए खालसा पंथ की स्थापना करने और सामाजिक न्याय, समानता एवं धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

कार्यक्रम में गवर्नमैंट कॉलेज सैक्टर-11 चंडीगढ़ की हिंदी विभागाध्यक्ष डा. पूनम एवं डा. नीतू बंसल एवं जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट से हिंदी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता, डा. अनीश, डा. राजेंद्र देशवाल और डा. जसवीर कौर ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस ऑनलाइन व्याख्यान में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया, जिन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और शिक्षाओं के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम की संयोजिका डा. रितु गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों में महान व्यक्तित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित करते हैं।